Last date for receipt of applications for LLB and BTech LE(WP) extended upto 19th Oct – Oct 10, 2018

दैनिक भास्कर

रांची, गुरुवार 11 अक्टूबर, 2018 | 03

ईक्फाई विवि में एलएलबी बीटेक में नामांकन 19 तक

रांची | ईक्फाई विवि में एलएलबी और बीटेक पाठ्यक्रम के लिए नामांकन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 19 अक्टूबर 2018 तक बढ़ा दी गई है। एलएलबी पाठ्यक्रम 3 साल का कार्यक्रम है, जिसका बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा अनुमोदन विवि को प्राप्त है। इस पाठ्यक्रम को करने के बाद विद्यार्थी सरकारी, बैंक, बीमा, न्यायपालिका के क्षेत्र में कानूनी करियर बना सकते हैं। स्नातक विद्यार्थी इस पाठ्यक्रम में प्रवेश पा सकते हैं। कार्यकारी पेशेवरों के लिए बीटेक पाठ्यक्रम जो कि 3 साल का है, उसमें कार्यकारी डिप्लोमाधारी विद्यार्थी प्रवेश पा सकते हैं।

प्रभात खबर

11.10.2018

इक्फाइ विवि. एलएलबी व बीटेक में दाखिले की तिथि बढ़ी

रांची. इक्फाइ विवि में एलएलबी व बीटेक कोर्स में एडमिशन लेने की तिथि 19 अक्तूबर तक बढ़ा दी गयी है. 22 अक्तूबर से नियमित रूप से कक्षाएं चलेंगी. इस कोर्स में कहीं भी नौकरी पेशा या पेशेवर लोग अपनी नौकरी छोड़े बिना शामिल हो सकते हैं. एलएलबी कोर्स तीन वर्षों का है. किसी भी विषय में स्नातक उत्तीर्ण उम्मीदवार इस कोर्स में शामिल हो सकते हैं. बीटेक (लेटरल इंट्री) कोर्स भी तीन साल का है. इसमें डिप्लोमा होल्डर छात्र एडमिशन ले सकते हैं. विवि में फिलहाल मैकेनिकल इंजिनियरिंग कोर्स चलाया जा रहा है.

गुरुवार, 11 अक्तूबर 2018

हिन्दुस्तान

इक्फाई में 19 तक नामांकन

रांची। इक्फाई विश्वविद्यालय में एलएलबी और बीटेक (वर्किंग प्रोफेशनल) पाठ्यक्रम में नामांकन की तिथि 19 अक्तूबर तक बढ़ा दी गई है। इनकी कक्षाएं 24 अक्तूबर से नियमित चलेंगी। ये दोनों पाठ्यक्रम कामकाजी पेशेवरों को अपनी नौकरी छोड़े बिना उच्च योग्यता पाने का अवसर देते हैं।

एलएलबी पाठ्यक्रम तीन वर्ष का कार्यक्रम है, जिसका विश्वविद्यालय को बार काउंसिल ऑफ इंडिया से अनुमोदन प्राप्त है। इस पाठ्यक्रम को करने के बाद बैंक, बीमा, न्यायपालिका के क्षेत्र में करियर के अवसर उपलब्ध हैं।

किसी भी विषय में स्नातक उत्तीर्ण छात्र इसमें नामांकन ले सकते हैं। कामकाजी पेशेवरों के लिए बीटेक (लेटरल एंट्री) पाठ्यक्रम तीन वर्षीय है। इसमें डिप्लोमाधारी छात्र नामांकन ले सकते हैं। वर्तमान में इक्फाई में सिर्फ मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई हो रही है। इसकी नियमित कक्षाएं कामकाजी पेशेवरों की सुविधा के अनुसार संचालित होंगी।